SYNERGY

आपकी जानकारी के लिए

BSES Yamuna Power Limited
दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

नवंबर–दिसंबर 2013

बीवाईपीएल टीम की ओर से आप सभी को दीपावली, क्रिसमस और नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं!

बीवाईपीएल –आईआईटी दिल्ली के बीच समझौता 2016 तक लागू

बिजली वितरण के क्षेत्र में नई तकनीकें विकसित करने के उद्देश्य से बीवाईपीएल और आईआईटी दिल्ली के बीच हुआ महत्वपूर्ण इंडस्ट्री–अकेडमिया समझौता अब 2016 तक लागू रहेगा। हाल ही में, पिछले समझौते को फिर से अगले तीन साल तक बढ़ाने का फैसला किया गया।

पिछले समझौते के दौरान दोनों संस्थाओं ने मिलकर कुछ अनोखी तकनीकें विकसित कीं। इनमें मिडास – मॉड्युलर इंटिग्रेटेड डिस्ट्रिब्यूशन ऑटोमेशन सिस्टम, रीप–रिन्युएबल एनर्जी असिस्टेड पंप और बिजली वितरण के बेहतर परिचालन के लिए द्रोणा सिमुलेटर प्रमुख थे।

सेफ्टी के लिए आई कार्ड्स

उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि जब भी कोई व्यक्ति उनके यहां बीएसईएस प्रतिनिधि के रूप में पहुंचता है, तो सबसे पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। उसका आइडेंटिटी कार्ड यानी पहचान पत्र मांगें। सही और वैध पहचान पत्र में ये होने चाहिए:

• बीएसईएस लोगो • होलोग्राम, जारी होने की तारीख • वैधता (वैलिडिटी) • कर्मचारी की तस्वीर • अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर, • कर्मचारी के हस्ताक्षर • कर्मचारी संख्या/ पहचान पत्र संख्या • ठेकेदार का नाम/ लोगो/ पता, और लेमिनेशन।

हम हमेशा आपके लिए उपलब्ध हैं, कॉल करें 399 99 808

सेंट्रल दिल्ली में नया बिल पेमेंट सेंटर

सेंट्रल दिल्ली के हौज काजी इलाके में, हाल ही में बीवाईपीएल का नया बिल पेमेंट सेंटर शुरू हुआ। सेंटर पर सुबह 8 बजे से दोपहरबाद 3 बजे तक बिल भुगतान स्वीकार किए जाएंगे। यह बिल भुगतान केंद्र चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के ठीक सामने स्थित है। नया बिल भुगतान केन्द्र शुरू होने से इलाके के लोगों को काफी फायदा होगा। अब तक उन्हें बिल पेमेंट के लिए बीवाईपीएल के टाउन हॉल या कमला मार्केट ऑफिस जाना पड़ता था।

साफ अक्षरों में लिखे गए चेक का महत्व

चेक, डिमांड ड्राफ्ट आदि पर साफ अक्षरों में लिखा जाए, तो ट्रांजैक्शन तेज, आसान और सुरक्षित हो जाता है।

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड के पक्ष में चेक/ डीडी लिखते समय इन बातों को ध्यान रखें: बिल भुगतान/ नया कनेक्शन/ अन्य डिपॉजिट वर्क्स के लिए

✓ हमेशा बीवाईपीएल के साथ–साथ अपना नौ अंकों वाला सीए नंबर भी लिखें

✗ चेक पर सिर्फ बीवाईपीएल न लिखें

ठगों से सावधान!

ठगों से निजात पाने में हमारी मदद करें। बीवाईपीएल को पता चला है कि कुछ असामाजिक तत्व भोले–भाले और गैरजागरूक उपभोक्ताओं को बीवाईपीएल के नाम पर ठगी का शिकार बना रहे हैं। कुछ उपभोक्ता दलालों, बिचौलियों और ठगों के छूठे आश्वासनों में फंस चुके हैं।

कृपया याद रखें:

- आपके घर आया बीवाईपीएल का कोई भी स्टाफ या प्रतिनिधि, बीवाईपीएल की ओर से आपसे नकद में पैसे लेने के लिए अधिकृत नहीं है।
- सभी तरह के एन्फोर्समेंट फाइन, जुर्माने और अन्य व्यावसायिक भुगतान सिर्फ बीवाईपीएल के ऑफिसों में ही हो सकते हैं।
- आपसे अनुरोध है कि बीवाईपीएल के नाम पर अगर कोई व्यक्ति आपके यहां आए, तो सबसे पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। अगर कोई शक हो, तो बीएसईएस विजिलेंस टीम को बताएं या 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचित करें।

सर्दियों में ऐसे बचाएं बिजली

- पानी गर्म होने के बाद आपका गीजर बिजली की खपत न करे, इसके लिए अपने गीजर में टोटल इंस्टॅलेशन रिले लगवाएं
- थर्मोस्टेट वाले गीजर का उपयोग करें
- हर साल अपने गीजर की सर्विसिंग करवाएं
- अपने घर की इंटरनल वायरिंग चेक करवाएं

उपकरण	लोड वॉट्स (ए)	उपकरणों की संख्या (बी)	खपत (घंटे/ दिन) (सी)	यूनिट्स/ महीने (ए) बीxसीx30/1000
रूम हीटर (ब्लोअर टाइप)	1800	1	5	270
गीजर (स्टोरेज)	2000	1	2	120
पंप मोटर (1 एचपी)	740	1	1	22

कूल आइडियाज और एनर्जी कैलकुलेटर के लिए www.bsesdelhi.com पर विजिट करें

अपने सुझाव व विचार हमें इस पते पर भेजें– कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.bsesdelhi.com देखें या कॉल करें +91 11 300–99–999